संक्षिप्त परिचय - श्री महेन्द्र दोहरे

श्री महेन्द्र दोहरे को 09.10.2023 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.

श्री महेन्द्र दोहरे ने विपणन एवं वित्त में एमबीए एवं आईआईबीएफ से कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा विभिन्न प्रमाणीकरण में डिप्लोमा के साथ ही नेट की परीक्षा भी उतीर्ण की हैं और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित सहयोगी सदस्य हैं.

वर्तमान पदोन्नति से पूर्व, वह पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य महाप्रबंधक पद पर कार्यरत थे. पंजाब नेशनल बैंक में उनकी आखिरी पदस्थापना व्यवसाय अधिग्रहण एवं संबंध प्रबंधन डिवीजन के प्रमुख के रूप में हुई थी.

श्री महेन्द्र दोहरे ने कार्पोरेशन बैंक में एक परिवीक्षा अधिकारी के रूप में अपना बैंकिंग सफर प्रारंभ किया तत्पश्चात उन्होंने यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया में पदभार ग्रहण किया, बाद में जिसका पंजाब नेशनल बैंक में विलय हो गया.

उनके पास 24 से अधिक वर्षों का बैंकिंग का समृद्ध एवं विविध अनुभव है. उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य महाप्रबंधक पद पर कार्यरत रहते हुए, व्यवसाय के बेहतर संचालन हेतु एक एकीकृत खुदरा प्रभाग (व्यवसाय अधिग्रहण एवं संबंध प्रबंधन) स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

उन्होंने पीएनबी कार्ड्स एंड सर्विसेज लिमिटेड और त्रिपुरा ग्रामीण बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में भी पदभार संभाला है.

****